१. सुदर्शन चरित्र

धन सेठ सुदर्शन शियल शुद्ध, पाली तारी आतमा। टेक।

सिद्ध साधु को शीष नमा के, एक करूं अरदास।
सुदर्शन की कथा कहूं मैं, पुरो हमारी आस। धन.।१।

चम्पापुरी नगरी अति सुन्दर, दधीवाहन तिंहा राय।
पटरानी अभिया अति प्यारी, रूप कला शोभाय। धन.।२।

तिन पुर सेठ श्रावक दृढ़ धर्मी, यथा नाम जिन दास।
अर्हदासी नारी अति खासी, रूप शील गुण खास। धन.।३।

दास सुभग बालक अति सुन्दर, गौवे चरावन हार।
सेठ प्रेम से रखे नेम से, करे सार संभार। धन.।४।

एक दिन जंगल में मुनि देखे, तन मन उपज्यो प्यार।
खडा सामने ध्यान मुनि में, विसर गया संसार। धन. ।५।

गगन गये, मुनिराज मंत्र पढ़, बालक घर को आया।
सेठ पूछते मुनि दर्शन के, सभी हाल सुनाया। धन.।६।

प्रमुदित भावे सेठ कहे धन, मुनि दर्शन ते पाया।
अपूर्ण मंत्र को पूर्ण करके, शुद्ध भाव सिखलाया। धन. ।७।

शिखा मंत्र नवकार बाल जब, मन में करता ध्यान।
ऊठत बैठत सोवत जागत, बस्ती और उद्यान। धन.।८।

एक दिन जंगल से घर को आता, नदिया आई पूर।
परली तीर जाने को बालक, हुआ अति आतुर। धन.।९।

धर के ध्यान नवकार मंत्र का, कूद पड़ा जल धार।
खैर खूट घुस गया उदर में, पीड़ा हुई अपार। धन.।१०।

छोड़ा नहीं नवकार ध्यान को, तत्क्षण कर गया काल।
जिन दास घर नारी कूंखे, जन्मा सुन्दर लाल। धन.।११।

बालक रखा नाम सुदर्शन, वर्त्या मंगलाचार।
घर-घर रंग बधावनासरे, पुर में जय जयकार। धन.।१२।

पंच धाय हुलसावे लाल को, पाले विविध प्रकार।
चंद्रकला सम बढे कुंवरजी, सुन्दर अति सुकुमार। धन.।१३।

कला बहोत्तर अल्प काल में, सीख हुआ विद्वान।
प्रौढ पराक्रमी जान पिता ने, किया ब्याह विधि ठान। धन.।१४।

रूप कला यौवन वय सरीखी, सत्यशील धर्मवान।
सुदर्शन और मनोरमा की, जोडी जुड़ी महान। धन.।१५।

श्रावक व्रत दोनो ने लीना, पौषध और पचखान।
शुद्ध भाव से धर्म आराधे, अढलक देवे दान। धन.।१६।

किया सेठ ने काल, कुंवर ने, जब पाया अधिकार।
पर उपकारी पर दुःखहारी, निराधार आधार। धन.।१७।

नगर सेठ पद राय प्रजा मिल, दिया गुणोदधि जान।
स्वकुटुम्ब सम सब की रक्षा, करते तज अभिमान। धन.।१८।

कपिल पुरोहित विविध विद्याधर, सुदर्शन से प्रीत।
लोह चुंबक सम मिल्यां परस्पर, सरीखे सरीखी रीत। धन. ।१९।

पुरोहित नारी महा-व्यभिचारी, कपिला कुटिल कठोर।
सेठ कीर्ति सुनसुन्दर तन की, व्याप्यो मन्मथ जोर। धन.।२०।

द्वादश चरित्र संग्रह

संकलन

सज्जनसिंह मेहता
संयोजक
समता प्रचार संघ

प्रकाशक
श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ
समता भवन, रामपुरिया मार्ग, बीकानेर-334005

पति गये परदेश सेठ पै, बोली कपट विशेष।
पति हमारा अति वीमारा, चलो चलो तज शेष। धन.।२१।

प्रीति बंधाना सेठ सियाना, आया कपिला साथ।
अंदर लेकर हावभाव से, बोली मन्मथ बात। धन.।२२।

महिषी सींग मे डॉस डंक सम, लगे न इसको बोल।
दॉव उपाय से यहां से निकलूं, करते मन में तोल। धन. ।२३।

अपछर सम तुम नारी प्यारी, मम नव यौवन काय।
कौन चुके ऐसे अवसर को, मिल्यो योग सुखदाय। धन. ।२४।

हतभागी हूं मै सुन सुभगे, अन्तराय के जोर।
सढपना है मेरे तन में, व्यर्थ मनोरथ तोर। धन.।२५।

हे दुर्भागी ! जा दुर्भागी, धिक् मैं खोई बात।
धिक् मेरे अज्ञान पति को, रहता तेरे साथ। धन.।२६।

देव गुरु की मुझे प्रतिज्ञा, कहू न तेरी बात।
तुम भी निश्चय नियम करोरी, लाज मेरी तुम हाथ। धन.।२७।

नियम कराया बाहर आया, मन पाया विश्राम।
बाघिन के मुख से मृग बच के, पाया निज आराम। धन.।२८।

लिया नियम पर घर जाने का, जहाँ रहती हो नार।
निज घर रहके धर्म आराधे, शियल शुद्ध आधार. । धन.।२६।

नृप आदेशे इन्द्र उत्सवे, चले सभी पुर बार।
सज श्रृंगारी चली नृप नारी, कपिला उसकी लार। धन.।३०।

पाँच पुत्र संग मनोरमाजी, चली बैठ रथ मांय।
कपिला निरखी अति मन हर्षी, रानी को बतलाय। धन. ।३१।

❑ द्वादश चरित्र संग्रह
❑ संकलन :
सज्जन सिंह मेहता
संयोजक, समता प्रचार संघ
❑ प्रथम संस्करण :
2100 प्रतियां
अगस्त 1999, वि.सं. 2056, वीर संवत् 2525
❑ अर्थ सहयोगी :
1.मूलचन्द, प्रकाशचन्द, सुन्दरलाल सुराणा, नोखागांव
2. शान्तिलाल, राजेन्द्र प्रसाद बैद, नोखामंडी
❑ मूल्य : 22/-
रियायती मूल्य (अर्थ सहयोग पश्चात) : 10/-
❑ प्रकाशक :
श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ
समता भवन, रामपुरिया मार्ग, बीकानेर-334005
❑ मुद्रक :
अमित कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स
बीकानेर दूरभाष : 547073

सती सावित्री लक्ष्मी गौरी से, अधिकी इनकी काय।
किस घर यह नारी सुखकारी, शोभा वरणी न जाय। धन.। ३२।

राणी कहे सुन पुरोहिताणी, सेठ सुदर्शन नार।
सत्य शियल और नियम धर्म से, इसका शुद्ध आचार। धन. ।३३।

मुंह मचकोड़ी तन को तोड़ी, हंसी कपीला उस बार।
भेद पूछती अति हठ धरती, कहो हंसी प्रकार। धन.।३४।

नारी नपुंसक की व्यभिचारी, जन्म्या पुत्र इस पांच।
तुम जो बोली शीयलवती है, यही हंसी का सांच। धन.।३५।

कैसे जाना हाल सुनावो, कही बीतक सब बात।
राणी बोली मतिमन्द तोरी, हारी सुदर्शन साथ। धन.।३६।

छल से तुझको छली सुघड ने, तू नहीं पाया भेद।
त्रियाचरित्र का भेद न समझी, व्यर्थ हुआ तुझ खेद। धन.।३७।

मुझसे जो नहीं छला जाएगा, वह नर सब से शूर।
सुर असुर नागेन्द्र नारी से, टले न उसका नूर। धन. ।३८।

अरि मूर्खा मत बोलो ऐसी, नारी चरित जो जाने।
सुर असुर योगिन्द्र सिद्ध को, पलक डाल वश आने। धन.।३९।

व्यर्थ गर्व मत करो रानीजी, मैं सब विधि कर छानी।
सदर्शन नहिं चले शील से, यह बात लो मानी। धन.।४०।

जो मै नारी हूं हुशियारी, सुदर्शन वश लाऊं।
नहिं तो व्यर्थ जगत में जीके, तुझे न मुंख दिखलाऊं। धन.।४१।

सुदर्शन को जो वश लावो, तो तुम रंग चढ़ाऊं।
नारी चरित की पूरी नायिका, कह के मान बढाऊं। धन. ।४२।

संग्राहक की कलम से

समता प्रचार संघ गत 21 वर्षों से पर्युषण पर्व के पावन प्रसंग पर भारत के विभिन्न स्थानों पर सुयोग्य स्वाध्यायियों को भेज कर समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्वाध्यायी अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान करते हैं तथा उन्हें आवश्यक साहित्य समता प्रचार संघ द्वारा प्रदान किया जाता है।

पर्युषण पर्व के दौरान स्वाध्यायी प्रार्थना, अन्तगड़ सूत्र का वाचन, व्याख्यान, चरित्र वाचन, कल्पसूत्र वाचन, उभय काल प्रतिक्रमण, प्रश्नोत्तर आदि कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। कथा का व्याख्यान में विशेष महत्त्व है। कथा जब काव्य रूप में संकलित की जाकर गेय-शैली में (गाकर) प्रस्तुत की जाती है तो विशेष आकर्षक एवं प्रभावशाली बन जाती है। इस शैली को चरित्र वाचन या चौपाई वाचन के रूप में जाना जाता है। यह शैली बहुत प्रचलित है, जिसका उपयोग संत मुनिराज-महासतियांजी म.सा. तो करते ही हैं, स्वाध्यायी भी पर्युषण पर्व के अवसर पर इसका उपयोग करते हैं। प्राचीन जैन कथाओं के आधार पर कई कवियों ने समय-समय पर छोटे-बड़े अनेक चरित्रों को काव्य रूप देकर चौपाइयों (चरित्रों) का सृजन किया है।

स्वाध्यायियों की सामान्यतया यह मांग रही है कि पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर चरित्र वाचन (चौपाई वाचन) हेतु उपयोगी चरित्रों का संकलन कर एक ही पुस्तक उपलब्ध की जावे। अतः मैंने स्वाध्यायियों के लिए उपयोगी छोटे, मध्यम एवं बड़े आकार के बारह चरित्रों का संकलन तैयार किया है। विद्वान कवि हृदय संतों ने इन चरित्रों की संरचना की है, मैंने तो विभिन्न स्थानों से इन रचनाओं का संकलन मात्र किया है। आशा है यह संकलन स्वाध्यायियों एवं व्याख्यान प्रेमियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

सज्जनसिंह मेहता, संयोजक
समता प्रचार संघ

करी प्रतिज्ञा हो निर्लजा, क्रीडा कर घर आई।
धाय पंडिता से बात सुनाई, लोभ से वह ललचाई। धन. ।४३।

घाट घड़ा नाना विध जब मन, एक उपाय मन आया।
कौमुदी महोत्सव निकट आवे जब, काम करुं मन चाया। धन. ।४४।

काम देव की करी प्रतिमा, महोत्सव खूब मंडाया।
बाहिर जावे अन्दर लावे, सब जन को भरमाया। धन. ।४५।

कार्तिक पूर्णिमा कौमुदी महोत्सव, नृप पुर बाहिर जावे।
सुदर्शनजी नृप आज्ञा से, पौषध व्रत को ठावे। धन. ।४६।

कर प्रपंच अभिया मुर्छाणी, नृप बोले युं वाणी।
कौन उपाधी तुम तन बाधा, कहो कहो महरानी। धन. ।४७।

हुंहुंकार करे नृप नारी, शब्द न एक उचारे।
धाय पंडिता कपट चरित्रा, खोटी जाल पसारे। धन. ।४८।

महाराजा तुम युद्ध सिधाये, राणी देव मनावे।
जो आवे सुख से महाराजा, तो प्रीतीति तुम पावे। धन. ।४६।

कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव पूरा, बिन बाहर नहीं जाऊं।
विसर गई ऐ नाथ साथ तुम, ताके फल दर्शाऊं। धन. ।५०।

आप करो अरदास नाथ यो, माफ करो तुम देव।
महारानी को भेजूं महल मे, करे तुम्हारी सेव। धन. ।५१।

त्रिया चरित्र वश हो के राजा, हाथ जोड सब बोला।
त्रिया चरित को देव न जाणे, भेद ग्रन्थ ने खोला। धन. ।५२।

कपट छोड़ रानी जब जागी, दासी बात बनाई।
भूपत को भरमाई महल गई, रानी हर्ष भराई। धन. ।५३।

प्रकाशकीय

प्रस्तुत कृति बारह चौपाईयों का संकलन है, जो पर्युषण पर्वाराधना हेतु अष्ट दिवसीय प्रवचनों के पश्चात् उत्कृष्ट जीवन उन्नायक चरित्रों की प्रस्तुति द्वारा प्रेरणादायक हैं। अतः इसकी समता प्रचार संघ के स्वाध्यायियों हेतु विशेष उपादेयता है।

समता प्रचार संघ के संयोजक श्री सज्जनसिंह जी 'साथी' बड़ीसादड़ी, जो स्वयं भी प्रबुद्ध स्वाध्यायी हैं, ने विभिन्न चौपाईयों में से उत्कृष्ट रचनाओं को संकलित किया है। इन चौपाईयों में उन महानुभावों के जीवन वृतान्त हैं जिन्होंने जीवन की ऊंची नीची अवस्थाओं को समभाव के साथ जीते हुए संयम धारण किया व सिद्ध, बुद्ध हो गये।

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ ने इस वर्ष को समता स्वाध्याय वर्ष के रूप में घोषित किया है। आचार्य भगवन् 1008 श्री नानालालजी म.सा., युवाचार्य प्रवर श्री रामलालजी म.सा. एवं स्थविर प्रमुख विद्वद्वर्य श्री ज्ञानमुनिजी म.सा. ने अनेक भाई-बहिनों को प्रेरित कर समता प्रचार संघ के तत्त्वावधान में स्वाध्यायी बन कर सेवाएं देने हेतु तैयार किया है। अन्यान्य स्थानों पर भी सन्त मुनिराजों एवं महासतियांजी म.सा. ने अच्छी संख्या में

धन्य पडिता तब चतुराई, अच्छी बात बनाई।
आज महल ले आयो सेठ को, जोग बना सुखदाई। धन.।५४।

मूर्ति लेकर गई बाहर को, पहरेदार भरमाई।
पौषधशाला सेठ सुदर्शन, मूर्ति फेंक ले आई। धन.।५५।

पौषध मौन सेठ नहीं बोले, बैठा ध्यान लगाई।
अभिया कर श्रृंगार के, खड़ी सामने आई। धन.।५६।

हाथ जोड अमृत सम मीठा, बोले मुख से बोल।
मै रानी तुम पुर--जन मानी, सरखे सरीखी जोड। धन.।५७।

कल्पवृक्ष सम काया थारी, मै अमृत की बेली।
मौन खोल निरखो मुझ नयना, ध्यान ढ़ोग दी मेली। धन.।५८।

करूं जतन तुम जाव जीव लग, प्राण बरोबर मान।
तन धन जोबन तुम पर अर्पन, अबसे लो यह जान। धन.।५९।

व्यर्थ जन्म मुझ गया आज लग, खबर न तुमरी पाई।
आज सुदिन यह हुआ सेठजी, धाय पंडित लाई। धन.।६०।

बोले नहीं जब सेठ रानी ने, लिया नेत्र चढ़ाई।
नयन बान को मारे खेंच के, पॉव घुंघर घमकाई। धन.।६१।

पहना शील-सनाह सेठ ने, धीरज मन में लाई।
ज्ञान खडग से छेदे बान को, रानी गई मुरझाई। धन.।६२।

वर्षा ऋतु सम बनी भामिनी, अम्बर बदन बनाई।
हुंकार की ध्वनि गाज सम, तन दामन दमकाई। धन. ।६३।

अमोघ धरा वचन वर्षाती, चाह भूमि भीजोई।
मंग.शैल सम सेठ सुदर्शन, भेद न सके जी कोई। धन.।६४।

स्वाध्यायी तैयार किये हैं। सभी स्वाध्यायियों के लिए यह प्रकाशन प्रवचनोपरान्त चरित्र प्रस्तुति में सहायक होगा, यही आशा एवं विश्वास है।

नोखा गांव के सुराणा परिवार एवं नोखामंडी के स्वर्गीय श्री सोहनलालजी बैद के सुपुत्रों के अर्थ सौजन्य से इस कृति का प्रकाशन किया गया है अतः वे साधुवाद के पात्र हैं।

विश्वास है कि इन संकलित चौपाईयों में समाहित कथानकों को आत्मसात कर श्रद्धालुजन, साधकवर्ग व स्वाध्यायी बन्धु आत्म दर्शन, आत्म साक्षात्कार व अन्तरावलोकन के मार्ग में अग्रसर होंगे व भाव शुद्धि कर चेतना का ऊर्ध्वारोहण करने की दिशा में पथारूढ़ होंगे।

भवदीय

गुमानमल चोरड़िया	शान्तिलाल सांड	सागरमल चपलोत
संयोजक	अध्यक्ष	महामंत्री

भंवरलाल कोठारी केशरीचन्द सेठिया मोहनलाल मूथा
धनराज बेताला डा. संजीव भानावत
(सदस्यगण, साहित्य समिति, श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ)

करुणा स्वर से रोवे कामिनी, पूरो हमारी आस।
शरणगत मैं आई तम्हारे, मानों मम अरदास। धन.।६५।

अवसर देख सेठ तब बोला, सुनो सुनो बड मात।
पंच मात में तुम अग्रेसर, तज दो खोटी बात। धन.।६६।

तजदे यह तोफान सुदर्शन, मैं नहीं तेरी मात।
मूर्खा कपिला ते भरमाई, मुझे छला तू चहात। धन. ।६७।

मेरू डगे धरती धूजेस या, सूर्य करे अंधकार।
तो पण शील छोडू नहीं माता, सच्चा है निरधार। धन. ।६८।

सुन कर वचन नयन कर राता, वाघिन जेम बिफराय।
मानो नहीं तुम मेरे वचन को, यमपुर देऊं पहुंचाय। धन.।६६।

बात हाथ है सुन रे बनिया, अब भी कर तू विचार।
रूठी काल कतरनी हूं मै, तूठी अमृत धार। धन.।७०।

महा वात से मेरू न कंपे, अभिया सेती सेठ।
ज्ञान वैराग्य आत्मबल बलिया, यह है सबमे जेठ। धन. ।७१।

त्यागा तब श्रृंगार नार ने, विकल करी निज काय।
शोर करी सावन्त को तेडे, जुल्म महल के मांय। धन.।७२।

पुर–जन सह नर नाथ बाग में, मुझे अकेली जान।
महा लंपट मुझ तन पर धाया, रखा धर्म अभिमान। धन.।७३।

पुर मडन यह सेठ सोभागी, घर अपछर सम नार।
आंबे आक न लागे कदापि, सेठ छोड़े किम कार। धन.।७४।

सोच करे सरदार रानी तब, बोली कठिन करार।
रे रजपूत रंक होय क्यों, करते ढीलमढ़ाल। धन.।७५।

अर्थ सहयोगी परिचय

संकलित चौपाईयां समस्त स्वाध्यायी बन्धुओं व प्रवचन कर्त्ताओं द्वारा कथानक के प्रस्तुतार्थ आदर्श पुरुषों के चरित्र का पद्य रूप है। इसका प्रकाशन दो संघनिष्ठ परिवारों के अर्थ सहयोग से हो रहा है।

प्रथम हैं सुराणा परिवार के तीन सदस्य, जिन्होंने अपने पितृ श्री दृढ़धर्मी, श्रद्धानिष्ठ सुश्रावक श्री दीपचन्दजी सा. सुराणा की स्मृति में अर्थ सहयोग प्रदान किया है। ये हैं सर्व श्री मूलचन्द जी, प्रकाशचन्दजी, सुन्दरलालजी सुराणा, नोखागांव। श्री दीपचन्दजी सुराणा ने कुशलता तथा न्याय नीति युक्त जीवन यापन करते हुए अल्पकाल में लक्ष्मी ही अर्जित नहीं की अपितु उसका उदारता पूर्वक सदपुयोग भी किया। आपका जीवन त्याग-तपमय था। आप प्रतिदिन एक बार आहार करते थे। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती लीला देवी धर्मनिष्ठ सुश्राविका है जिनके वर्षों से चौविहार व दो के आगार से हरी का त्याग है। प्रतिदिन सामायिक एवं अन्य त्याग-प्रत्याख्यान इनकी दिनचर्या के अंग हैं। सरलता एवं सादगी के गुण आपमें विशेष हैं।

आपके चार पुत्रों में द्वितीय पुत्र श्री इन्द्रचन्दजी का 39 वर्ष के आयु में स्वर्गवास होना पूरे परिवार के लिए वज्रपात था। वर्तमान में तीनों पुत्रों सहित पूरा परिवार पूज्य आचार्य श्री 1008 श्री नानालालजी म.सा.एवं शासनज्ञ प्रशान्तमना युवाचार्य श्री रामलालजी म.सा. के प्रति पूर्ण समर्पित हैं। उभय भगवंतों के प्रति इनका समर्पण अनुकरणीय है।

सुराणा बन्धुओं का पता इस प्रकार है–

मै. जैन सुपारी सेंटर	श्री दीपचन्दजी मूलचन्दजी सुराणा
किराणा ओली मस्कासाथ	नोखा गांव, पो. नोखा (बीकानेर)
इतवारी, नागपुर-440002	
दूरभाष : 761865, 767466	

सुभट सेठ की देह राय पै, लाये खास हजूर।
देख सेठ की देह राय मन, हो गया चकनाचूर। धन. ।७६।

कंचन ऊपर कीट लगे किम, सूर्य करे अंधकार।
चन्द्र आग वर्षावे तथापि, शेष चले न लिगार। धन. ।७७।

पास बुला यो नरपति पूछे, कहो किम बिगड़ी बात।
अगर सांच मै बात कहूं तो, होवे मात की घात। धन. ।७८।

पुण्य पाप है किया जो मैंने, वे हैं मेरे साथ।
मौन रहे नहीं बोले सेठजी, नरपति से कुछ बात। धन. ।७६।

बहुत पूछने पर नहीं बोले, तब नृप साची जानी।
आये महल निज नार देखने, वो सूती खूंटी तानी। धन. ।८०।

बाह पकड़ नृप बैठी कीनी, ते बोली रीस भराय।
धिक है तुमरे राज कोस जहाँ, लंपट वणिक बसाय। धन. ।८१।

देखो यह मम गात वणिक ने, कैसे नाखे हाथ।
शील रख्यो मैं नाथ और तो, बिगड़ी सारी बात। धन. ।८२।

मै जीवूं या सेठ जियेगा, निश्चय लेवो जान।
सुर नारी के वचन राय के, मन मे आई तान। धन. ।८३।

कोप करी कहे राय सेठ को, देखो शूली चढाय।
धिक् २ नारी जाल कोय काँइ, नृप को दिया फंसाय। धन. ।८४।

सुभट सेठ को पकड़ शूली का, पहनाया श्रृंगार।
नगर चोवटे ऊभो करके, बोले यों ललकार। धन. ।८५।

यो सुदर्शन सेठ नगर को, धर्मी नाम धराय।
पर तिरिया के पाप सेस यो, शूली चढ़वा जाय। धन. ।८६।

इनके साथ अर्थ सहयोग में सहभागी हैं नोखामंडी के उदारमना श्री शान्तिलालजी, राजेन्द्र प्रसाद जी बैद। आपके पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री सोहनलालजी बैद धर्मनिष्ठ सुश्रावक थे। आप बचपन से ही धार्मिक क्रियाओं में जागरूक थे। आचार्य श्री नानेश के नोखामंडी चातुर्मास से प्रतिदिन पांच सामायिक सहित आजीवन चौविहार के नियम ग्रहण किये एवं शीलव्रत अंगीकृत किया। वर्षों से पांचों तिथियों के हरी के प्रत्याख्यान धारक श्री बैदजी ने 50 वर्ष की आयु में व्यापार से निवृत्ति लेकर धार्मिक साधना में समय व्यतीत किया। आपका जीवन सच्चे अर्थों में समताधारी था। आपके अग्रज श्री मोहनलालजी सा. व अनुज श्री सुगनचन्दजी सा. बैद धर्मपरायण एवं श्रद्धानिष्ठ श्रावक हैं।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती सुरजा देवी भी आदर्श श्राविका हैं। आप दोनों के सद् संस्कार आपके सुपुत्र द्वय तथा चारों सुपुत्रियों– श्रीमती पुष्पा देवी, मंजू देवी, सरोज देवी, सुशीला देवी में भी स्पष्टतः देखे जा सकते हैं। श्री राजेन्द्र प्रसाद जी सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में प्रमुखता से भाग लेते हैं। आपका पूरा परिवार आचार्य श्री जी एवं युवाचार्य श्री जी के प्रति पूर्ण समर्पित एवं निष्ठावान है।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन में अर्थ सहभागिता प्रदान कर सद् साहित्य के प्रकाशन में अमूल्य सहयोग के लिए संघ दोनों परिवारों के प्रति आभारी हैं। बैद बन्धुओं का पता इस प्रकार है–

''नानेश छाया''
संघ बिल्डिंग के पास
बडकस चौक, महाल,
नागपुर-440002
फोन : 720544, 720771

श्री सोहनलालजी शान्तिलालजी बैद
मरोटी चौक के पास
नोखा (बीकानेर) 334803

– धनराज बेताला

पडी नगर जब खबर लोग मिल, आये राय दरबार।
राख राख महाराय सेठ को, विनवे बारम्बार। धन.।८७।

दातारॉ सिर सहेरो सरे, पुर–जन जीवन सार।
सुदर्शन जो चढ़े शूली तो, जीना हमें धिक्कार। धन.।८८।

व्योम–फूल सम बात बनी यह, सेठ न मूके शील।
नारी वश महाराज आज मत, डालो धर्म को पील। धन. ।८६।

झूठा मूका वेन जगत में , यह सच्चा लो जान।
विध २ से मै पूछा सेठ को, उखलत नहीं जबान। धन. ।६०।

चार ज्ञान चउदे पूरवधर, मोह उदय गिर जाय।
सेठ बिचारो कौन गिनत में, यों लो चित समझाय। धन.।६१।

तुम ही पूछो सेठ कहे कुछ, उस पर करें विचार।
नहीं बोले तो शूली देने का, सच्चा है निरधार। धन. ।६२।

महा भाग तुम मुखड़े बोलो, जो है सच्ची बात।
विन बोल्या से सेठ सुदर्शन, होत धर्म की घात। धन. ।६३।

सत्य धर्म का मर्म जान के, रह्या मौन को धार।
हार खाय जन मनोरमा को, कहा सभी निरधार। धन. ।६४।

सुन मुरझाई मूर्च्छा आई, पडी धरणी कुमलाई।
पांचो पुत्र तब मॉ–मॉ करते, पड़े गोद में आई। धन.।६५।

चेत हुवो चिंते जब मन में, हुई न होवे बात।
शील चुके नहीं पति हमारो, नियम धर्म विख्यात। धन. ।६६।

नहीं निकली घर बाहर सेठानी, धीरज मन में धार।
दियो बोध पांचों पुत्रन को, एक धर्म आधार। धन.।६७।

अनुक्रमणिका

सत्य न मरता सुनो पुत्र तुम, झूठ न मुझे सुहाय।
आज सेठ शूली से उतरे, तो मैं निरखूं जाय। धन.। ९८।

धर्म रूप पति की पत्नि मै, उस पर चढ़ा कलंक।
सूर्य ग्रसा है आज राहु ने, जंग में व्यापा पंक। धन. । ९९।

धर्म ध्यान दो दान लालजी, पाप राहु टल जाय।
पिता तुम्हारे सुदर्शनजी, रवि रूप प्रगटाय। धन. ।१००।

माता पुत्र मिल ध्यान लगाया, प्रभु तेरो आधार।
जो बचे आज ये पिता हमारे, होवे जय जयकार। धन. ।१०१।

कोई प्रशसे कोई निन्दे, सेठ शूली पर जाय।
लाखों नर रहे देख तमाशा, सेठ न मन घबराय। धन. ।१०२।

सागारी अनशन व्रत लीनो, पाप अठारह त्याग।
जीव खमाये शान्ति भाव से, द्वेष न किसमें राग। धर.।१०३।

महा योगेश्वर धरे ध्यान त्यो, जिन मुद्रा को धार।
ध्यान धरे नवकार मन्त्र का, और न कोई विचार। धन.।१०४।

इसी मन्त्र के ध्यान सेठ ने, तजे पूर्व भव प्राण।
डिगेदेव सिंहासन उससे, महिमा मन्त्र की जान। धन.।१०५।

शील सत्य अरु दया साधना, लगी मन्त्र के साथ।
हिए हुलसते देव गगन मे, आये जोड़े हाथ। धन.।१०६।

सुभट सेठ को धरे शूली पर, हाहाकार का नाद।
शूली स्थान पै हुआ सिंहासन, बजे दुंदुभी नाद। धन.।१०७।

छत्र धरे और चंवर बींजे, वर्षें कुसुमा धार।
ध्वजा उड़त है विजय जयन्ती, सुर बोले जयकार। धन.।१०८।

मन मे सोचे सेठ सुदर्शन, शील गुण सिरताज।
धिक् धिक् है अभिया रानी को, निपट गमाई लाज। धन. ।१०६।

जग जन मुखते करते कीर्ति, गई राय के पास।
दधिवाहन नृप आया दौडके, धर मन में हुल्लास। धन.।११०।

खमो खमो अपराध हमारा, वार वार महा भाग।
धर्म मर्म नहीं जाना तुम्हारा, नारी चाले लाग। धन.।१११।

सुनी बात जब मनोरमा ने, पुलकित अंगन मांय।
पाँच पुत्र संग पति दर्शन को, शीघ्र चल कर आय। धन.।११२।

राय प्रजा मिल पतिव्रता को, सिंहासन बैठाय।
दम्पति जोडा देख देव नर, मन में अति हर्षाय। धन.।११३।

जय जय हो सुदर्शन सेठ को, जयो मनोरमा मात।
धर्म तीर्थ की जुड़ी जातरा, पुर–जन बहु हर्षात। धन.।११४।

शाह घरे सब आये बधाये, मोती चौक पुराय।
देव गये निज स्थान रायजी, बोले मंगल वाय। धन.।११५।

धर्म मंडना पाप खंडना, तुम चरणे सुपशाय।
हुई न होवे इस जग मांहि, सब जन साख पुराय। धन.।११६।

नहीं चीज जग में कोई ऐसी, चरन चढाऊं लाय।
तथापि मुझ पै मेहर करीने, मांगो तुम हुलसाय। धन.।११७।

राय तुम्हारे रहते राज मे, मिला धर्म का सहाय।
और कामना मुझे न कुछ भी, माता साता पाय। धन.।११८।

सुनी सेठ के बैन सभी जन, अचरज अधिको पाय।
शत्रु को समभाव दिखाया, महिमा वर्णी न जाय। धन. ।११६।

थौड़ी देर बाद नशे ने, दीना जोर दिखाय।
हुई छकाछक डोसी की सब, शुद्ध बुद्ध गई विहाय।।६१।।

ठग ठग कर किया माल इक्ट्ठा, जगह जगह से लाय।
किया सती ने अपने कब्जे, कुछ भी छोड़ा नाय।।६२।।

उल्टी मुस्की बांध उसे मुख, दीना श्याम बनाय।
मार पीटकर डाल सदन में, ताला दिया लगाय।।६३।।

चली वहाँ से अश्वारूढ़ हो, नर का वेष बनाय।
चक्की सिर पर लीए ठग मिला, उस जंगल के मांय।।६४।।

निज घोडी पर देख अन्य नर, ठग मन पड़ा विचार।
अश्व मेरा ले जाता कोई, शूर वीर सरदार।।६५।।

करूं सामना अगर अभी तो, यह नहीं जीता जाय।।
राह छोड़ उन्मार्ग पथ निकाला, जल्दी पाँव बढ़ाय।।६६।।

नगर निकट आ सती शीघ्र, निज रूप लिया पलटाय।
दाम देय रथ किया किराये, अनुचर ले संग मांय।।६७।।

कौशम्बी के बाग बीच मे, आकर किया मुकाम।
सेवक संग संदेशा भेजा, सुसराजी के धाम।।६८।।

सुनी खबर जब परिवार ने, कई जन सन्मुख आया।
रथ पर बिठा उसे आदर से, अपने घर पर लाया।।६९।।

रक्खा माल श्वसुर के सन्मुख, कही यूं बात बनाय।
आ न सके मामाजी वहां रहे, धन्धे में उलझाय।।७०।।

चक्की लेकर ठग घर आ रहा, होता हुआ खुशाल।
बन्द द्वार पर लगा है ताला, लखकर हुआ मलाल।।७१।।

एक सभासद् कहता सुनिये, सेठ गुणों की खान।
नम्रभाव और दयाभाव से, सबका रखता मान। धन.।१२०।

जो अपने को लघु समझता, वो ही सब में महान।
गुरुता में अकड़ाई रखता, वो सब में नादान। धन.।१२१।

स्वारथ रत हो करे नम्रता, यही कुटिल की बान।
बिना स्वार्थ ही करे नम्रता, सज्जन जन गुणवान। धन ।१२२।

यद्यपि रानी महा अज्ञानी, कीना महा अकाज।
तथापि सेठ तुम्हारे खातिर, अभय देऊंगा आज। धन.।१२३।

सुनी बात अभिया हुई सभिया, पाप का यह परिणाम।
गले फास ले तजे प्राण को, गमाया अपना नाम। धन.।१२४।

धाय प्राण ले भगी महल से, पटना पहुंची जाय।
वेश्या घर मे नीच भाव से, रह के उदर भराय। धन. ।१२५।

अवसर देख सेठ मन दृढ कर, लीनों संयम भार।
उग्र विहार विचरतां आया, पटना शहर मझार। धन.।१२६।

देख मुनि को धाय पंडिता, मन में लाई रोष।
हीरनी वेश्या करी समीक्षा, बहकाई भर जोश। धन. ।१२७।

कला–कुशल जब ही तुम जानुं, इनसे विलसो भोग।
ऐसा नर नही इस दुनिया में, रूप कला गुन जोग। धन.।१२८।

बनी कपट श्राविका वेश्या, मुनि भिक्षा को आया।
अन्दर लेके तीन दिवस तक, नाना विध ललचाया। धन.।१२९।

ध्यान ध्रुव रहया मुनीश्वर, वेश्या तज अभिमान।
वन्दन कर मुनी को छोड़े, वन में जा धरा ध्यान। धन.।१३०।

बनी बात को बिसरो अब तो, ऐसा करो उपाय।
अपन सब मिल उस नारी का, बदला लेवें जाय।।९४।।

कुछ दिन के पश्चात चोर सब, मन में साहस धार।
नार हरण करने कौशम्बी, आये निशि मुझार।।९५।।

सती सो रही जिस मकान में, उसके तोड़े द्वार।
पलंग सहित ले चले उठाके, होकर मध्य बजार।।९६।।

भरी आग हांडी में इक नर, आगे रोता जाय।
निकल गये बेधड़क नगर से, खुश होते मन मांय।।९७।।

नींद खुली देखा चौतरफा, जंगल काली रात।
मन में निश्चय किया आज फिर, पड़ी ठगों के हाथ।।९८।।

आतम रक्षा कैसे करना, सोती सोती सोचे।
मस्त नशे में चलते वे सब, बड़ के नीचे पोचे।।९९।।

वहीं खडे कुछ देर हो गई, लेने को विश्राम।
डाल पकड़ सती अधर हो गई, ले जिनवर का नाम।।१००।।

निकल गये ठग सती उतर कर, आई अपने स्थान।
पलंग शून्य देख ठग बोले, कर गई फिर हैरान।।१०१।।

अटवी में निज घर पहुंचे सब, करते पश्चाताप।
सिद्ध मनोरथ होवे कैसे, जिसके उर में पाप।।१०२।।

बुद्धि शालिनी सोचे लीला, आगे की हर बार।
कब आये क्या कर बैठे ठग, रहती आलस टार।।१०३।।

दिन मे सोवे रात मे जागे, करके भवन प्रकाश।
पांचों ठग फिर आ पहुंचे, दे-दस दिन का अवकाश।।१०४।।

अभिया व्यंतरी आय मुनि को, बहुत किया उपसर्ग।
प्रतिकूल अनुकूल रीति से, अहो कर्म का वर्ग। धन.।१३१।

मुनि रंग में रंगी गणिका, पाई सम्यक् ज्ञान।
शुद्ध हृदय में कृत पापो का, कर पश्चात्ताप महान। धन.।१३२।

धाय पंडिता से कहती वेश्या, मुनि गुण अपरंपार।
दंभ मोह अब हटा है मेरा, पाई तत्त्व का सार। धन.।१३३।

अब ऐसा श्रृंगार सजूगी, तज आभूषण भार।
सोना चॉदी हीरा मोती का, लूंगी नहीं आधार। धन.।१३४।

कज्जल टीकी पान तजूंगी, मेहंदी प्रेम हटाय।
सत्य प्रेम के रग मे रंगकर, दिल मुनिजी में लगाय। धन.।१३५।

जगतारक जिस पथ से गये है, लूंगी धूलि उठाय।
तन पे मलके पावन बनके, सज्ज करुंगी काय। धन.।१३६।

मुनि विरह मे ऑसु बहाऊं, मानो यह मुक्ताहार।
ऐसी सजीली वन के रंगीली, पाऊं भव-जल पार। धन.।१३७।

सम्यक् सहन किया मुनिजी ने, धरतां शुक्ल ध्यान।
क्षपक-श्रेणी मोह नाश कर, पाया केवल ज्ञान। धन.।१३८।

आये देवता महोत्सव करने, करते जय जयकार।
देवे देशना प्रभु सुदर्शन, भवी जीव हितकार। धन.।१३६।

सुलट गई अभिया व्यंतरी भी, पाई सम्यक् ज्ञान।
छुरी छेदने गई पारस को, कनक रूप हुई जान। धन.।१४०।

हाथ जोड़ वदन कर बोले, धन्य धर्म अवतार।
खमो-खमो अपराध हमारा, मैं दुर्भागन नार। धन.।१४१।

बारी देख खुली एक ने सोचा, होगा मन धारा।
एक दूजे पर चढ़ मुख डाला, सती ने नाक उतारा।।१०५।।

नीचे उतर कहे साथी से, देखो तो इस ओर।
इस जीवन में अचरज ऐसा, नहीं देखा किस ठोर।।१०६।।

चढ़ा दूसरा ऊपर झटपट, खिड़की में मुख डाला।
उसको भी पहिले के जैसे, नकटा करी निकाला।।१०७।।

क्रमशः हालत उन पांचो की, हो गई एक समान।
नाक बिना होके घर पहुंचे, देख हंसे इन्सान।।१०८।।

जहॉं तहॉं मिलते लोग पूछते, कहॉं कटाया नाक।
बीती बात बता नहीं सकते, रहते हैं मुख ढांक।।१०६।।

अब निश्चय कर लिया सभी ने, चोरी कभी न करना।
पेट भराई करने कारण, खेती में चित धरना।।११०।।

एक बार लड्डू मोदक का, लीलावती बनाया।
ठग–जननी के पास आयके, सादर शीश नवांया।।१११।।

हे माता ! तू भूल गई है, करती कभी न याद।
भ्रात हो गया है निर्मोही, परणायॉं के बाद।।११२।।

इस प्रसंग से उस बुढ्ढी को, हुवा न कुछ भी वहेम।
बेटी अपनी खास मानकर, बहुत बताया प्रेम।।११३।।

रुगा ठग की मां तव बोली, ऐसा कैसे होय।
जन्म देय अपनी बेटी को, कैसे भूले कोय।।११४।।

पुत्री तू निर्मोही हो गई, ली नहीं साल संभाल।
कष्ट समय क्यों बिसर गई, मां बोलो आँसू डाल।।११५।।

नीचो में अति नीच कर्म मे, कीना पातिक पूर।
दिया दुख मैंने महामुनि को, कर कर कर्म करूंर। धन. ।१४२।
मंगल गावे देवी देवता, मुनि गुण अपरम्पार।
महा पातकी सुधरी व्यंती, पाई समकित सार। धन.।१४३।
ग्राम नगर पुर पाटन विचरत, किया धर्म उद्धार।
भव जीव उद्धार मुनिजी, पहुंचे मोक्ष मझार। धन.।१४४।

कौन बात का दुःख माता जब, है यहाँ भ्राता भोजाई।
बेटी ! वह बहु थी महाकपटन, सारी कथा सुनाई।।११६।।

कष्ट तेरे भाई को देकर, ले गई घर का धन।
इस कारण कर बंद ठगाई, भाई बोवे अन्न।।११७।।

वह तो रहता सदा खेत पर, संध्या प्रातः काल।
वहाँ पहुंचाना पड़ता भोजन, यह हैं घर का हाल।।११८।।

अशुभ कर्म के कारण माता, ऐसा गर हो जाय।
चिन्ता फिर उसकी नहीं करना, रहना समता लाय।।११६।।

यहां चलकर के आई दूर से, फिर भी मिला न भाई।
थी उमंग मिलने की मुझको, भाई हित मोदक लाई।।१२०।।

लड्डू और भोजन ले माता, गई खेत की ओर।
बचा हुवा धन था जो कुछ, लाई लीला निज ठोर।।१२१।।

बेटा ! तू तो यहाँ बैठा घर, आई बहिन तुम्हारी।
लड्डू तेरे खातिर बढ़िया, लाई संग विचारी।।१२२।।

प्रसन्न हुए पांचों मोदक ले, लगे जीमने सारे।
लड्डू एक एक ले फोड़ा, निज निज नाक निहारे।।१२३।।

पड़ी भवानी पीछे सबके, खाना किया हराम।
बुरा किया है इसके छेड़के, बदला लिया तमाम।।१२४।।

क्षमा माँग ले इससे सब मिल, तो है अपनी खेर।
वरना यह कुछ और करेगी, होती नार दिलेर।।१२५।।

वेष लेय के तस्कर पाँचो, पास सती के आया।
हाथ जोड़ पांवा पड़ बोले, माफ करो महामाया।।१२६।।

२. सती लीलावती चरित्र

अनन्त ज्ञान दर्शनमयि मुनिसुब्रत जिनराज,
सिद्ध बुद्ध तीरथपति तारण तरण जहाह।।१।।

अरहद्वाणी शारदा, सद्गुरु शीश नमाय।
सत्य शील महिमा लिखुं, मंगल तीन मनाय।।२।।

(तर्ज ख्याल की)

शुद्ध शीलवान के, चरणों में नमते देवी देवता।।टेर।।

वित्तभयपुर पाटण नगरी, मानो अमर विमान।
रय्यत सुखी भूपति न्यायी, मत्री महा विद्वान।।१।।

वसे उसी नगरी के अन्दर, करोड़पति सहुकार।
करोड़ अठारह सोनयों से, भरा हुआ भंडार।।२।।

सुशोभित धनदत्त नाम से, कनकवती घर नार।
नीति कहती गृहस्थी के, सन्नारी घर सिंणगार।।३।।

मर्यादा से करे कमाई, श्रावक व्रत अपनाया।
षड्गुणधारी सेठानी ने, जीवन मधुर बनाया।।४।।

सुख का अनुभव करके दम्पति, प्रसवी कन्या एक।
नाम लीलावती स्थापना कीना, चतुर कला विवेक।।५।।

चोरी कर्म नहीं करने का, जाव जीव पच्छखान।
निर्भय हमको अब कर दीजे, नहीं भूलें, एहसान।।१२७।।

देकर के उपदेश सभी को, धर्मी किया विशेष।
कर सम्मान माल देके कहा, रहना सुखी हमेश।।१२८।।

सती शील की सुनकर महिमा, सज्जनों ने गुण गाया।
कुछ नर कर रहे इसमें शंका, भेद सती ने पाया।।१२६।।

निज अपवाद निभाने के हित, जपे जिनंद का जाप।
कैसे संकट टले सती का, यह सब अब सुनना आप।।१३०।।

उसी समय वहां के राजा ने, करवाया ऐलान।
उत्सव मनाने जाना सब जन, पुर बाहिर मैदान।।१३१।।

बन ठन पुरजन गये बाग मे, आया राजकुमार।
डंसा फणिधर नृप नन्दन को, मच गया हाहाकार।।१३२।।

बुला मंत्रवादी कइयों को, करवाया उपचार।
व्यर्थ उपाय हो गये सारे, बैठे हिम्मत हार।।१३३।।

तभी हुई नभ से सुरवाणी, नृप ! सुन एक उपाय।
कुंभ एक कच्चा लेकर के, कच्चा सूत बंधाय।।१३४।।

नीर निकाले नार कूप से, फिर डाले जल धार।
जहर नष्ट हो जाए सारा, जीवे राजकुमार।।१३५।।

करवाया उद्‌घोष भूप ने, दो कोई जीवन दान।
उस उपकारिन का जीवन भर, मानूंगा एहसान।।१३६।।

लीलावती आ करी भूप से, नत मस्तक अरदास।
कार्य बनेगा धर्म प्रभावे, है मुझको विश्वास।।१३७।।

यहां रही यह बात सुनो अब, आगे का अधिकार।
पुरी कौशम्भी इसी भरत मे, नगर एक गुलजार।।६।।

नामी सेठ वसे वहा सागर, धन करोड़ छत्तीस।
है वह श्रमणोपासक श्रावक, गुण भरया इक्वीस।।७।।

सोमश्री सेठानी घर मे, जिसके लड़के चार।
धनराज और वच्छराज है, हंस ह्रदय का हार।।८।।

विवाह कर दिया त्रय पुत्रो का, अब चौथा श्रीराज।
विनयवान सदाचारी है, चारो में सिरताज।।६।।

पुण्य प्रबल है विश्व बीच मे, सुनना सब ही लोग।
इच्छा पूरण होवे पुण्य से, सकल मिले सयोग।।१०।।

उसी नगर में रहे दूसरा, श्रवण सेठ गुणवन्त।
गुण श्री भार्या के अंगज का, नाम दिया रतिकन्त।।११।।

वित्तभयपुर पाटण में दूजा, सेठ मुकुन्द धनवान।
उनकी कन्या कनकवती है, गुणवन्ती पुण्यवान।।१२।।

रतिकन्त से करी सगाई, आया परणवा काज।
कई बराती के संग में है, सागरदत्त श्री राज।।१३।।

विवाह रीत सब पूरी कीनी, खरची द्रव्य अपार।
श्रीराज की लख पुण्याई, धनदत्त करे विचार।।१४।।

निज कन्या दूं इसे सेठ–सागर से सलाह मिलाई।
राय मिली दोनों की धनदत्त, लीला को परणाई।।१५।।

करोड अठारह का धन दे फिर, कन्या को समझाय।
सासु ससुरा निज प्रियतम की, रहना आज्ञा मांय।।१६।।

जाहिर हो गई बात सभी में, आय डटे नर नारी।
इष्ट देव का सुमिरण करके, काढ्‌यो कूप से वारि।।१३८।।

अंजली भरके जल छांटा, हो गई निर्विष काया।
राजा रय्यत धन्यकर, उसको घर पहुंचाया।।१३६।।

सुश्रद्धालु बने कई, कई व्रत किये स्वीकार।
मिटा सर्व अपवाद धर्म से, हो गया मंगलाचार।।१४०।।

सुमति श्रमण मुनिश्वर आये, बहुत मुनि परिवार।
श्रद्धा से वन्दन को धाये, नराधीप नर नार।।१४१।।

मुनि बताए भेद धर्म के, आगारी अणगार।
कई जीवो के रूचा हृदय में, कर लीना स्वीकार।।१४२।।

निज निज सुत को सौंप दिया, घर सागर सेठ भूपाल।
बने संयमी मुख पर बॉधी, मुख पति डोरा डाल।।१४३।।

गुरुदेव से ज्ञान सीख, संयम में चित्त रमाया।
क्षपक श्रेणी कर क्षय धनपाती, केवल दर्शन पाया।।१४४।।

भव जीवों के काज जहाज सम, श्री सागर वीतराग।
एक समय विचरत आये हैं, कौशम्बी के बाग।।१४५।

सुना आगमन खुशी हो गया, नर नारियों का वृन्द।
दरशन करके वीतराग का, पाया परमानन्द।।१४६।।

प्राणी मात्र हित बैठ सभा में, अमृत कण बरसाया।
सुलभ बोधि हलुकर्मी का, हृदय कमल विकसाया।।१४७।।

पांचों ही ठग और लीलावती, को आया वैराग।
कर संयम स्वीकार पाप के, धो डाले सब दाग।।१४८।।

सीख लेय कर चले बराती, कौशाम्बी मे आया।
सुख अनुभव कर रहे दम्पति, स्वकृत शुभ फल पाया।।१७।।

माता मर गई लीलावती की, पिता बने अणगार।
मिली सूचना जब यह उसको, रोई ऑसू डार।।१८।।

नहीं पीहर में कोई भाई, कौन ओढावे चीर।
परिजन पुरजन मिलकर के कई, उसे बंधाया धीर।।१६।।

आठ योजन है कौशम्बी से, अटवी एक महान।
रुगा नामक ठग रहता है, पर धन पर नित ध्यान।।२०।।

आया कौमुदी महोत्सव मोटा, भूपति पडह बजाय।
करो प्रेम से राग रंग, नर नारी बाहिर जाय।।२१।।

महीप हुकम से लोग जा रहे, कर–कर सब सिणगार।
अशन पान उत्सव करने को, सारे बाग मुझार।।२२।।

ससुर हुकम से चारों बहुऐं, आई है उद्यान।
रुगा ठग भी आ पहुंचा है, इन चारो पर ध्यान।।२३।।

उत्सव स्थल से सब नर नारी, लौटे संध्याकाल।
डाकू इन चारो के पीछे, चला सभी को टाल।।२४।।

प्रथम बहू कहे मेरे घर पर, सब विधि विलास।
कोई बात की कमी नही है, कहॉ तक करूं प्रकाश।।२५।।

ऐसे बहू दूजी तीजी ने, निज निज हाल बताया।
लीलावती लघु लाड़ी का, सुनकर दिल भर आया।।२६।।

सर्व सामग्री थी पीहर में, पर किस्मत की बात।
माता मरी पिता दीक्षा ली, नहीं हुआ कोई भ्रात।।२७।।

कर कर्मों का नाश लीलावती, पाया पद निर्वाण।
पांचों मुनि चारित्र पालकर, पहुचे अमर विमान।।१४६।।

चरित्र पुरातन देख रची यह, रचना उस अनुसार।
शील रतन की रक्षा करना, होगा जय जयकार।।१५०।।

दशपुर वर्षावास उन्नीसौ, इक्काणु के साल।
चार संत संग रहे प्रेम से, वरत्या मंगल माल।।१५१।।

श्रावण महीना कृष्णपक्ष तिथि, बारस मंगलवार।
गुरु कृपा से मुनि हजारी, किया चरित्र तैयार।।१५२।।

शाँति ! शाँति ! ! शाँति ! ! !

卐

एक मामाजी है मोसाल में, वे रहते परदेश।
नहीं देखा जिनदास नाम है, जानें यही विशेष।।२८।।

कदाच जीवित होय भाग्यवश, कभी मिलेगा आय।
ठग पीछे आता है इसका, पता किसी को नाय।।२९।।

सुख पूर्वक चारो ही ललना, पहुंच गई निज धाम।
रुगा ठग सुनकर हरषाया, होगा इच्छित काम।।३०।।

नाम ग्राम का पता लगा डाकू, दस दिन पश्चात।
रूप बनाया माना ऐसा, व्यापारी विख्यात।।३१।।

धोती अचकन पहनी पगडी, बांधी तल्लादार।
चला सवारी कर घोड़ी की, नौकर लीना लार।।३२।।

रथ सजाकर लाया संग फिर, कौशम्बी में आया।
लीलावती को ठगने के कारण, दंभी दंभ रचाया।।३३।।

पुर में बात करी, परणाई यहां मेरी भाणेज।
सागर सुत श्रीराज जमाई, जिसकी किस्मत तेज।।३४।।

रुकवाया रथ आप आय, फिर ब्याईजी के द्वार।
उतर अश्व से प्रसन्न वदन, सागर से किया जुहार।।३५।।

मम भाणी से मिलने हित मैं, बहुत दूर से आया।
पूछा कुशल क्षेम आपस में, परिवार हरषाया।।३६।।

कहाँ सयानी लीला भाणी, आय नमाया शीश।
सिर कर धर कहे चिरजीव हो, ऐसी दी आशीष।।३७।।

तुझ से मिलने की वर्षों से, थी मेरे मन आश।
देख मुझे आनन्द में इच्छा, पूरी हो गई खास।।३८।।

३. सुव्रत सुज्ञानी

केशरिया मुनिवर ज्योति जगाई, केवल ज्ञान की टेर।

कुल ऊंचे में जन्म लिया है, सुव्रत ने हितकार।
अष्ट सिद्धि नव निधि घर में, पाई अपरम्पार हो।१।

षट् रस भोजन राग रागिनी, स्नेह भरा परिवार।
केशरिया मोदक अति प्यारा, हर दम ही तैयार हो।२।

अन्तर शान्ति फिर भी चाहे, करता विविध उपाय।
शुंभकर आचार्य पधारे, दिया स्वरूप बताय हो।३।

जाग उठा वह क्षण के मांही, मोह निद्रा दी त्याग।
वर्ष अट्ठारह भरी जवानी, लगा धर्म अनुराग हो।४।

गुरु चरणों मे दीक्षा लेकर, चिन्तन में तत्काल।
बारह [1] भेदे करे तपस्या, जिन आज्ञा अनुसार हो।५।

समता ऋजुता मृदुता धारी, यती [2] धर्म अनुसार।
जिन आगम [3] अभ्यास करे नित प्रतिभा श्रेष्ठ विचार हो।६।

---

१. बारह तपस्या :– १. अनशन २. अवमोदयं ३. भिक्षाचर्या ४. रस परित्याग ५. काय क्लेश ६. प्रति संलीनता ७. प्रायश्चित ८. विनय ९.वैयावृत्य १०.स्वाध्याय ११. ध्यान १२. व्युत्सर्ग।

२. यतिधर्म १० :– १. क्षमा २. मुक्ति ३. आर्जव ४. मार्दव ५ लाघव ६. सत्य ७. संयम ८. तप ९. त्याग १०. ब्रह्मचर्य।

३. जिनागम :– १. आचारांग २. सूत्र कृतांग ३. स्थानांग ४. समवायाग ५. व्याख्या प्रज्ञिप्त (भगवती) ६. ज्ञाताधर्मकथांग ७. उपासकदशाग ८. अन्तकृत दशांग ९. अनुत्तरोपपातिक १०. प्रश्न व्याकरण ११. विपाक और १२. दृष्टिवाद सूत्र

ताजा सरस बनाकर भोजन, आदर सहित जिमाया।
इस प्रकार उस ठग से कई दिन, रह कर आदर पाया।।३६।।

लीला तू जन्मी जिस अवसर, पट भूषण नहीं लाया।
विवाह हुवा जब था विदेश, मोसारा नहीं पहिनाया।।४०।।

अय लीला ! एकाकी मुझको, है प्राणों से प्यारी।
तेरी मामी कहती निशिदिन, भाणी कहां हमारी।।४१।।

सासु और श्वसुर से लीला, अनुनय अर्ज गुजारी।
मामाजी के घर जाऊँ जो, अनुमति मिले तुम्हारी।।४२।।

जावो भले ही खुशी खुशी पर, पीछी जल्दी आना।
बिठा रथ में लीलावती को, हो गया धूर्त रवाना।।४३।।

उलट पंथ अटवी मे आकर, किया रूप विकराल।
लीलावती भयभीत हो गई, देख दूसरी चाल।।४४।।

विषयांध विह्वल हो कहे अब, किया मैं जो कुछ काम।
मेरी इच्छा पूरण करदे, जो चाहे आराम।।४५।।

मामा होकर बोल रहे हो, तज कुल की मर्याद।
आँख दिखा डाकू कहे सुनले, बन्द करदे बकवास।।४६।।

किससे कर रही बात, कौन मामा, किसकी भाणेज।
बुद्धि बल से लाया तुझको, करण सुन्दरी सेज।।४७।।

वस्त्राभूषण छीन उसे ले चला, विहड बन मांय।
रथारुढ़ हुई लीला सोचे, करना कौन उपाय।।४८।।

शील रतन का यत्न करूंगी, चाहे कुछ हो जाय।
संकट शमन इसी से हो, जिनवाणी रही बताय।।४६।।

अप्रमत्त साधना लख मुनि की, स्थविर भी चकराय।
योग्य शिष्य को पाकर गुरुवर, मन में अति हर्षाय हो।७।

गणिवर राजगृह में आये, सग शिष्य परिवार।
श्रावक इक भी नहीं पहुचा, तब मुनिगण करे विचार।८।

राजगृह के संघ के मांही, भक्ति का नहीं पार।
फिर भी अचरज होता अति ही, पहुचा नहीं इस बार हो।६।

इतने में वहां सघ शिरोमणि, पहुंच पडे चरणार।
मोदक महोत्सव राजगृही में, घर–घर मे तैयार हो।१०।

मोदक महोत्सव के कारण ही, पहुंचे नाथ कृपाल।
क्षमा याचना श्रावक करते, उपदेश सुन निहाल हो।११।

किस वस्तु से मोदक बनते, पूछ रहे मुनिराय।
नाना विध वस्तु से बनते, पोजीशन को पाय हो।१२।

सर्व श्रेष्ठ केशरिया मोदक, सर्व भांति श्रेयकार।
शोभा सुनकर मुनि सुव्रत के, मन में उठे विचार हो।१३।

स्वादपूर्ण गुण सुनते ही मन, जग गई उत्कट चाह।
सास उसास झट–झट ही लेवे, मुंह से निकसी आह हो।१४।

आज दिवस तो गरिष्ट भोजन, राजगृही के मांय।
मुनि सुव्रत को छोड़ सभी ने, व्रत लीने हर्षाय हो।१५।

सुव्रत मुनि मन में यो सोचे, सव ने किया उपवास।
भिक्षा खातिर मै ही जाऊं, पूर्ण फले मन आश हो।१६।

गणिवर की आज्ञा लेकर के, निकसे भिक्षा काज।
धूप तेज थी धरा गर्म थी, हर्ष हिये महाराज हो।१७।

कई प्रकार का दिया प्रलोभन, कई भांति धमकाया।
सारे मारग में समझाता, उसको निज घर लाया॥५०॥

अय जननी ! तेरी सेवा हित, मै लाया यह नार।
डोसी खुश हो कहे रहो यह, तेरा ही घर द्वार॥५१॥

सती श्रवण कर सोचे अब तो, करना यही उपाय।
रहे शील मेरा दुष्टों का, फन्दा भी कट जाय॥५२॥

सुन माता मेरी यूं कह रही, सती दिखाकर प्रेम।
एक मास तक शील पालना, ले रक्खा है नेम॥५३॥

नियम सिवा सब कार्य करूं, जो आज्ञा देंगे आप।
डोसी सुन बोली सुत से, वहू मिली पुण्य प्रताप॥५४॥

सुन माता की बात रूगा ठग, बैठा धीरज धार।
लीला दे विश्वास सभी पर, जमा लिया अधिकार॥५५॥

एक समय ठग से यूं बोली, युवक सुनो मुझ वैन।
पीसन काज नहीं घर चक्की, ये खटकत दिन रैन॥५६॥

पर घर जाना योग्य नहीं है, नित्य पीसन के काज।
चक्की लावों मेरे घर से, आप जायकर आज॥५७॥

हे प्यारी ! धर धीरज मन में, नहीं कर फिकर लगार।
वो ही चक्की लाकर दूंगा, करता हूं इकरार॥५८॥

जननी से कहकर कौशम्बी, ठग आया तत्काल।
चक्की लेकर चला वहाँ से, कहूं पीछे का हाल॥५९॥

भोजन तुरत बना कर ताजा, मादक द्रव्य मिलाय।
सती सास को शीघ्र बुला, वही भोजन दिया जिमाय॥६०॥

भले पधारो कहकर लाये, जहां थे मोदक थाल।
मोदक लख कर आँखे चमकी, मन में अति खुशाल हो ।३०।

प्रसन्नता का नहीं ठिकाना, मन में हर्ष अपार।
वड़ा पात्र जो सम्मुख धरते, रसना दोष हजार हो ।३१।

पात्र भरा जब मुनिवर लौटे, श्रावक पूछे एम।
समय बतावें मुनिवर अब क्या, क्या साधु का नेम हो ।३२।

समय देखने ऊपर झांके, नम [१०] मण्डल के मांय।
तारा छाई रजनी देखी, मन में अति पछताय हो ।३३।

अर्ध निशा का समय आ गया, श्रावक को जित लाय।
धिक्-धिक् मेरी रसना इन्द्रिय, मटक रहा निश माय हो ।३४।

ग्लानि भाव से बोल न पाये, आँख अंधेरा छाय।
भाव बदलता लख श्रावक जी, सोचे मन के मांय हो ।३५।

गाड़ी पटरी पर अब आई, विनवे बारं-बार।
रात्रि को पौषधशाला में, करते आत्म विचार हो ।३६।

गुरु चरणों में-जाना चाहें, पहुंचा दूं इस बार।
निशा काल तो यहीं वितावें, ध्यान यही सुखकार हो ।३७।

मोदक पात्र को दूर हटाया, मुनि ने उस बार।
चिन्तन की श्रेणी पर चढ़ गये रसना को धिक्कार हो ।३८।

आत्मा का आलोचन करते, श्रेणी शुक्ल ध्यान।
क्षपक श्रेणी से कर्म खपाया, उपजा केवल ज्ञान हो ।३९।

---

१०. उस समय घड़ी आदि का साधन नहीं होने से आकाश में सूर्य अथवा तारे आदि की गति देखकर समय जाना जाता था।

ऐसे श्रावक गुणीजन होते, अम्मा पिया समान।
बडे प्रेम से ध्यान दिलाते, त्रुटि के अनुमान हो।४०।

सन्तों ने भी खोज लगायी, निज मर्यादा मांय।
निशा [११] सन्निकट देख मुनि सब, पहुंचे स्थानक मांय हो।४१।

श्रावक पहुंचा सूचित करने, प्रमुदित भावों के साथ।
सुव्रत मुनिवर केवल पाया, सुनिये स्वामी नाथ हो।४२।

गणिवर दर्शन काज वहां से, पहुंच रहे उस बार।
उधर मुनि जी भी आते हैं, गुरुजी के चरणार हो।४३।

मारग में दोनों ही मिल गये, करते मधुर अलाप।
विनय विवेकी यथा योग्य वे, करते प्रेमालाप हो।४४।

जिन भद्रजी संयम नौका, पार करी निरधार।
गुरु चरणों में दृढ़ भक्ति है, जीवन सफल विचार हो।४५।

बडे प्रेम से मुझे सुझाया– नाव पड़ी मझधार।
जो मुझसे वे घृणा करते, भमता मैं संसार हो।४६।

जिन शासन के ऐसे श्रावक, करते सत्य प्रचार।
गुण–गण की वे खान मनोहर, कहत न आवे पार हो।४७।

मुनिवर देशान्तर मे विचरे, जैन धर्म परचार।
मुनियों की गुण गौरव गाथा, राम मुनि विस्तार हो।४८।

सुव्रत मुनिवर अन्त समय में, पहुंचे मुक्ति–धाम।
आप तिरे और तारे अगणित, अमर हुआ तस नाम हो।४९।

---

११. रात्रि के समय श्रमण अपने स्थान से मर्यादित भूमि से आगे गमनागमन नहीं कर सकते इसलिए सूर्यास्त के पूर्व साथी मुनि को खोजा पर नहीं मिले इसलिए सूर्यास्त के पूर्व ही पुन. अपने स्थान में लौट कर आ गये।

जुलूस जब पहुंचा मन्त्री घर, मगल मन मुरझाय।
मूर्छित चेहरा देख पति का, पत्नी मन घबराय हो।४३।

नम्र भाव से सुन्दर पूछे, निज पति से बात।
किस कारण से छाई उदासी, आज सुहाग है रात हो।४४।

क्षुधा पान गर करना हो तो, मंगवाती पकवान।
बडे प्रेम से आप अरोगें, फिर लें तांबुल पान।४५।

उज्जयनी की आवहवा हो, षट्रस भोजन सार।
मधुर पेय उसकी तुलना का, नाही चंपा मझार हो।४६।

पति के मुख से उज्जयनी की, शोभा कई प्रकार।
दुलहिन सुनकर मन आलोचे, क्या है सम्बन्ध सार हो।४७।

सचिव इशारे मंगल उठता, शौच बहाना धार।
बाहर आ मन्त्री से मिलता, निज सम्पति के लार हो।४८।

भूपति द्वारा प्राप्त सम्पति, उज्जयनी भिजवाय।
सभी वस्तु ले घुड़असवारी, उज्जयनी चितचाय हो।४९।

इधर हाल अब सुनिये मित्रों ! धनदत्त श्रेष्ठी लार।
गुम हुआ था जिस दिन मंगल, दुःख का नहीं था पार हो।५०।

चप्पा-चप्पा खोज लिया है, नगरी और उद्यान।
मन मुर्झाये दुःख से बीते, केवल सुत का ध्यान हो।५१।

अकस्मात जब मंगल पहुंचा, हर्षा सब परिवार।
राम कहानी सुनके उससे, अचरज हृदय अपार हो।५२।

फोज राजसी ठाठ सभी लख, अश्व पांच श्रेयकार।
सभी व्यवस्था करके श्रेष्ठी, मुदित सभी परिवार हो।५३।

भले पधारो कहकर लाये, जहां थे मोदक थाल।
मोदक लख कर आँखे चमकी, मन में अति खुशाल हो।३०।

प्रसन्नता का नहीं ठिकाना, मन में हर्ष अपार।
बड़ा पात्र जो सम्मुख धरते, रसना दोष हजार हो।३१।

पात्र भरा जब मुनिवर लौटे, श्रावक पूछे एम।
समय बतावें मुनिवर अब क्या, क्या साधु का नेम हो।३२।

समय देखने ऊपर झांके, नभ [१०] मण्डल के मांय।
तारा छाई रजनी देखी, मन में अति पछताय हो।३३।

अर्ध निशा का समय आ गया, श्रावक को जित लाय।
धिक्-धिक् मेरी रसना इन्द्रिय, भटक रहा निश माय हो।३४।

ग्लानि भाव से बोल न पाये, आँख अंधेरा छाय।
भाव बदलता लख श्रावक जी, सोचे मन के मांय हो।३५।

गाड़ी पटरी पर अब आई, विनवे बारं-बार।
रात्रि को पौषधशाला में, करते आत्म विचार हो।३६।

गुरु चरणों में-जाना चाहें, पहुंचा दूं इस बार।
निशा काल तो यहीं बितावें, ध्यान यही सुखकार हो।३७।

मोदक पात्र को दूर हटाया, मुनि ने उस बार।
चिन्तन की श्रेणी पर चढ़ गये रसना को धिक्कार हो।३८।

आत्मा का आलोचन करते, श्रेणी शुक्ल ध्यान।
क्षपक श्रेणी से कर्म खपाया, उपजा केवल ज्ञान हो।३९।

---

१०. उस समय घड़ी आदि का साधन नहीं होने से आकाश में सूर्य अथवा तारे आदि की गति देखकर समय जाना जाता था।

प्रीतम की प्रतीक्षा करती, सुन्दरी चंपा मांय।
अकस्मात कुल दीपक मन्त्री, महलों में झट आय हो।५४।

गिद्ध दृष्टि से उसको देखे, बैठा आसन डार।
आगे हाथ बढाया निर्लज, कुटिलता मन धार हो।५५

शीघ्र दौडकर ललना जाती, दासी कक्ष मझार।
प्रात:काल वह राजमहल में, पहुंच गयी निर्धार हो।५६।

गुप्त भेद यह खुल नहीं जावे, मन्त्री मन घबराय।
सूर्योदय के पहले पहुचा, राजभवन के मांय हो।५७।

रोने का नाटक वह करता, हा ! हा ! स्वार्थ धिक्कार।
भाग्य फूट गया दुःख में डूबा, हर्ष न हिये लिगार हो।५८।

सही बात ही शीघ्र बताओ, उसका करूं उपाय।
भय से कंपित मन्त्री बोला, नयने नीर भराय हो।५९।

मुंह को आता हाय ! कलेजा, घटना है दुखकार।
कितना सुन्दर कुल दीपक था, देख लिया सरकार हो।६०।

राजसुता के स्पर्श मात्र से, हुआ कुष्ट का रोग।
कर्मों से कोई नहीं बचता, करना पड़ता भोग हो।६१।

भूपत सोचे राजसुता है, विषकन्या दुखकार।
मन्त्रीपुत्र इसी कारण से, पीड़ित हुआ अपार हो।६२।

मेरी कन्या जो नहीं ब्याता, नहीं होता यह दुःख।
धैर्य बंधाकर भूपति बोले, मुझको भी नहीं सुख हो।६३।

स्वामी ने सब ठीक किया था, मन्त्री करे उचार।
विचित्र है कर्मों की गति हा ! मत करें राज विचार हो।६४।

ऐसे श्रावक गुणीजन होते, अम्मा पिया समान।
बड़े प्रेम से ध्यान दिलाते, त्रुटि के अनुमान हो।४०।

सन्तों ने भी खोज लगायी, निज मर्यादा मांय।
निशा [११] सन्निकट देख मुनि सब, पहुंचे स्थानक मांय हो।४१।

श्रावक पहुंचा सूचित करने, प्रमुदित भावों के साथ।
सुव्रत मुनिवर केवल पाया, सुनिये स्वामी नाथ हो।४२।

गणिवर दर्शन काज वहां से, पहुंच रहे उस बार।
उधर मुनि जी भी आते हैं, गुरुजी के चरणार हो।४३।

मारग में दोनों ही मिल गये, करते मधुर अलाप।
विनय विवेकी यथा योग्य वे, करते प्रेमालाप हो।४४।

जिन भद्रजी संयम नौका, पार करी निरधार।
गुरु चरणों में दृढ़ भक्ति है, जीवन सफल विचार हो।४५।

बडे प्रेम से मुझे सुझाया– नाव पडी मझधार।
जो मुझसे वे घृणा करते, ममता मैं संसार हो।४६।

जिन शासन के ऐसे श्रावक, करते सत्य प्रचार।
गुण–गण की वे खान मनोहर, कहत न आवे पार हो।४७।

मुनिवर देशान्तर में विचरे, जैन धर्म परचार।
मुनियों की गुण गौरव गाथा, राम मुनि विस्तार हो।४८।

सुव्रत मुनिवर अन्त समय में, पहुंचे मुक्ति–धाम।
आप तिरे और तारे अगणित, अमर हुआ तस नाम हो।४६।

---

११. रात्रि के समय श्रमण अपने स्थान से मर्यादित भूमि से आगे गमनागमन नहीं कर सकते इसलिए सूर्यास्त के पूर्व साथी मुनि को खोजा पर नहीं मिले इसलिए सूर्यास्त के पूर्व ही पुनः अपने स्थान मे लौट कर आ गये।

कान भर राजा का मन्त्री, सुबुद्धि घर जाय।
राजसुता को राजमहल मे, आदर दीना नांय हो।६५।

रहने हेतु एक कोटड़ी, दे दी थी उस वार।
अपमानित जीवन हा ! होगा, नहीं कल्पना सार हो।६६।

सामायिक पौषध वह करती, व्रत बारह अपनाय।
कर्म गति दुखदायी जग में, सूत्र ग्रन्थ बतलाय हो।६७।

आगम का अभ्यास करे नित कुत्सित ध्यान निवार।
दृढ निश्चय था मन मे उसको, मिलसी प्राणाधार हो।६८।

राजा-रानी बात सुनन को, भी नहीं हैं तैयार।
मन मे इसका गहरा दुःख था, समता ली उर धार हो।६९।

सामंतसिंह को पास बुलाया, राजसुता इक वार।
राम कहानी उज्जयनी की, कही बात तिवार हो।७०।

समय देख राजा से करता, सिंह विनय अरदास।
राजसुता है दुःख में डूबी, पूरी करिये आस हो।७१।

पूर्वकर्म का फल वह भोगे, करना क्या इस बार।
वार्ता उसकी सुन सकता हूं, नहीं मुझे इन्कार हो।७२।

त्रिलोकसुन्दरी बात बताती, राजा को उस बार।
पुरुष-वेश की आज्ञा देदें, खोजूं प्राणाधार हो।७३।

सिंह सामंत भी कहता राजन् ! होगा यह श्रेयकार।
पुरा-काल मे कई कन्याएं, ऐसा ही सरकार हो।७४।

पुरुष-वेश की आज्ञा देता, सिंह सामन्त भी साथ।
धन्य धान्य और अनुचरों की, व्यवस्था तस हाथ हो।७५।

प्रभु वीर के शासन मांही हुक्म [12] गच्छ श्रेयकार।
शिवलाल, [13] उदयसागर [14] जी, चौथमल [15] हितकार हो।५०।

श्रीलाल [16] और पूज्य (ज्योत) जवाहर [17] गुरु गणेशी [18] पाय।
श्रमण संघ ने नायक माना, घाणेराव [19] के मांय हो।५१।

मेवाड़ प्रान्त का अद्‌भुत हीरा, समता रस भंडार।
चमक रहा है अष्टम पटपै नाना [20] गुण आगार हो।५२।

---

१२. पूज्य श्री हुक्मीचन्द जी म.सा. ने क्रियोद्धार किया था इसलिए साधुमार्गी परम्परा हुक्मगच्छ के नाम से प्रचलित हो गयी।

१३. आचार्य श्री शिवलाल जी म.सा.

१४. " " उदयसागर जी म.सा.

१५. " " चौथमल जी म.सा.

१६. " " श्रीलाल जी म.सा.

१७. " " जवाहरलाल जी म.सा.

१८. " " गणेशीलाल जी म.सा.

१९. संवत् २००९ मे सादड़ी वृहद् साधु सम्मेलन हुआ था उसमें ज्योतिर्धर युग प्रधान जवाहिराचार्य द्वारा संवत् १९९० के सम्मेलन में दी गई योजना के अनुसार "एक आचार्य के नेतृत्व में शिक्षा-दीक्षा-प्रायश्चित-विहार आदि हो " को उद्देश्य रूप में स्वीकार किया गया और सर्वसम्मति से श्रमण संघ संचालन का भार शान्त क्रांति के अग्रदूत स्व. आचार्य श्री गणेशीलाल जी म.सा. के कन्धो पर डाल दिया गया।

और सभी प्रतिनिधि मुनिवरों ने अपने प्रतिज्ञापत्र आचार्य श्री के चरणों में समर्पित कर दिये। परन्तु जब श्रमण संघ मे अनुशासनहीनता का दौर बढने लगा और संत स्वच्छन्दता में बहने लगे तो स्व. आचार्य श्री ने अपनी वृद्धावस्था में पद का मोह नहीं करके श्रमण संघ से अपने को पृथक कर लिया अर्थात् स्वच्छन्द सन्त वर्ग से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया।

२०. नानागुणों की खान आचार्य श्री नानालाल जी म.सा.।

पुरुष वेश बनाकर निकली, पति खोज के तांय।
मिष्ट नीर केशर को खोजा, उज्जयनी के मांय हो।७६।

भव्य भवन ले गोखे बेठी, देखे दृष्टि पसार।
